हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

10 किसानों के लिए बनेगा किसान कुटीर, 200 मीट्रिक टन ...



12 सांकरा को नगर पंचायत बनाने की मांग तेज



नवरात्रि विशेष



पंचमी : स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। ब्रह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। ब्रह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा
देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

बस का सफर हुआ महंगा, धमतरी से रायपुर का किराया 140 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ में बस से सफर करने वाले यात्रियों को अब पहले की तुलना में अधिक किराया चुकाना पड़ेगा। परिवहन विभाग की 12 अक्टूबर को जारी नई अधिसूचना के बाद साधारण बसों सहित डीलक्स, एसी स्लीपर और सुपर लग्जरी बसों के किराये में बढ़ोतरी की गई है। नई दरों के अनुसार साधारण बसों में धमतरी से रायपुर का किराया 100 रुपए से बढ़कर 140 रुपए हो गया है। वहीं नगरी, बालोद, दुर्ग और आसपास के अन्य मार्गों पर भी किराया बढ़ने से दैनिक यात्रियों के मासिक बजट पर असर पड़ना तय है।

नई दरें लागू, साधारण बसों के किराये में करीब 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी से यात्रियों की जेब पर बढ़ेगा बोझ

साधारण बसों में प्रति किमी 50 पैसे की वृद्धि

परिवहन विभाग की नई दरों के अनुसार साधारण बसों का किराया 1.25 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 1.75 रुपए प्रति किलोमीटर निर्धारित किया गया है। इस तरह प्रति किलोमीटर 50 पैसे की वृद्धि हुई है, जो लगभग 40 प्रतिशत है। शुरुआती पांच किलोमीटर के लिए 10 रुपए किराया तय किया गया है। नई दरों के अनुसार धमतरी से रायपुर का किराया 140 रुपए, अभनपुर का 90 रुपए, कुरूद का 40 रुपए, बालोद ⏭ शेष पेज 12 पर



राउंड फिगर में तय किया गया किराया

धमतरी बस ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि साधारण बसों के विभिन्न मार्गों का किराया निर्धारित कर दिया गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किराये को राउंड फिगर में रखा गया है, ताकि टिकट लेते और पैसे लौटाते समय चिल्लर की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि उदाहरण के तौर पर यदि किसी मार्ग का किराया ⏭ शेष पेज 10 पर

लग्जरी और रात्रिकालीन बसों में भी बढ़ेगा खर्च

नई अधिसूचना के मुताबिक डीलक्स बसों में शुरुआती पांच किलोमीटर के लिए 12 रुपए और इसके बाद 2.20 रुपए प्रति किलोमीटर किराया निर्धारित किया गया है। डीलक्स एसी स्लीपर और सेमी-स्लीपर बसों में 3.20 रुपए प्रति किलोमीटर, जबकि वोल्वो और सुपर लग्जरी एसी बसों में 3.30 रुपए प्रति किलोमीटर की दर तय की गई है। रात में चलने वाली साधारण बसों में निर्धारित किराये से 10 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान करना होगा। धमतरी से रायपुर के लिए दिन में 150 रुपए और रात में 190 रुपए किराया संभावित बताया जा रहा है। हालांकि, लग्जरी बसों की अंतिम किराया सूची जारी होने के बाद पता चलेगा।

कलेक्टोरेट, कम्पोजिट बिल्डिंग में अग्निशमक यंत्र ही नहीं, जिला पंचायत का कालातीत

सरकारी दफ्तरों में अग्निसुरक्षा उपाय का बुरा हाल

केस 1

जिला पंचायत भवन में 6-7 फायर इंस्टींगैशर लगे हुए हैं। जो अब एक्सपायर्ड हो चुके हैं। इन अग्निशमक यंत्रों की 21 जुलाई 2025 को हुई थी। 20 जुलाई 2026 में इन्हें फिर से रिफिल किया जाना था। तीन माह बीतने के बाद भी इन यंत्रों को रिफिल नहीं किया गया है।

केस 2

कलेक्टोरेट में पहले फायर इंस्टींगैशर लगे थे। बुधवार को यहां एक भी फायर इंस्टींगैशर नहीं मिला। समाज कल्याण विभाग में एक फायर इंस्टींगैशर लगा हुआ है। करोड़ों के तीन मंजिला कम्पोजिट बिल्डिंग में भी अग्निसुरक्षा के उपाय बिल्कुल भी नहीं है।





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निजी संस्थाओं को अग्निसुरक्षा के पाठ पढ़ाने वाले सरकारी कर्मचारियों का कार्यालय ही आग से सुरक्षित नहीं है। सभी सरकारी भवनों में अग्निशामक यंत्रों का आवश्यकतानुसार उपलब्ध होना जरूरी है। सरकारी भवन शुरू होने से पहले इन यंत्रों का उपलब्ध होना आवश्यक है, लेकिन जिले के सरकारी भवनों में इस जरूरी सुरक्षा उपाय की अनदेखी हो रही है। कलेक्टोरेट की स्थिति देखें तो निरीक्षण के दौरान गैलरी में एक भी अग्निशामक यंत्र नहीं मिला। यहां पर राजस्व न्यायालय, राजस्व विभाग, अभिलेखागार, आबकारी, कृषि, श्रम विभाग, आदिवासी विकासी विभाग, खनिज, खाद्य, उद्योग, कोषालय सहित कई विभाग संचालित हैं। हर विभाग में अपने स्तर पर रिकार्ड रखा गया है, जो काफी कीमती है, ऐसे में आगजनी की स्थिति में काफी नुकसान हो सकता है। कुछ विभागों में अपने स्तर पर अग्निशन की व्यवस्था की गई है, लेकिन पूरे बिल्डिंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। यही स्थिति कम्पोजिट बिल्डिंग की है। इस बिल्डिंग के मेंटनेंस के नाम पर फूटी कौडी नहीं मिलता। यहां संचालित विभाग आपसी समंवय से मेंटनेंस करते हैं, लेकिन फंड की कमी से यहां भी बुराहाल है। पूरे बिल्डिंग में कहीं पर अग्निशमक यंत्र नहीं लगा है। यहां पर शिक्षा, रोजगार मार्गदर्शन केंद्र, उद्यानिकी, समग्र शिक्षा, पंजीयक सहकारी संस्थाएं, पोस्टऑफिस सहित कई विभाग संचालित हैं।

एसपी ऑफिस में यंत्रों की कमी

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तीन-चार स्थानों पर अग्निशमक यंत्र लगे हैं, इन्हें दो माह पहले ही रिफिल कराया गया है। व्यवस्था संतोषप्रद है। इसके बाद भी कार्यालय के आकार के हिसाब से यंत्रों की कमी है। जिला पंचायत भवन में 7-8 स्थानों पर अग्निशमक यंत्र है, लेकिन इनकी रिफिल एक्सपायर्ड हो चुकी है।

जल सत्याग्रह कर रहे नौ लोगों की तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





भूमि आबंटन एवं अधिकारों की लंबित मांग को लेकर जल सत्याग्रह कर रहे डूब प्रभावितो में से 9 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी लगभग 6 वर्ष से आपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के विरोध में डूब प्रभावितों ने अपने अधिकारों की मांग को लेकर सोमवार से गंगरेल बांध में जल सत्याग्रह कर रहे हैं। सत्याग्रह के नेतृत्वकर्ता हर्ष मरकाम ने मीडिया को बताया कि गंगरेल बांध डूब प्रभावितों की भूमि आबंटन एवं अधिकारों के संबंध में उच्च न्यायालय छग द्वारा डब्ल्यूपीसी नंबर 5575/2008 एवं डब्ल्यूपीसी नंबर 2055/2016 में 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया गया था। इसके बावजूद पात्र व प्रभावितों के संबंध में आवश्यक जांच एवं भूमि आबंटन की प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से यह मामला अब तक लंबित है। डूब प्रभावितों का कहना है कि वर्षों से अपने अधिकारों के लिए इंतजार करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना तथा पात्र डूब प्रभावित परिवारों को नियमानुसार भूमि आबंटन दिलाना इस आंदोलन का उद्देश्य है। डूब प्रभावित समिति ने स्पष्ट किया है कि जल सत्याग्रह एवं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शांतिपूर्वक एवं लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा। 12 अक्टूबर से शुरु जल सत्याग्रह तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा है।

- उपचार के लिए लाया गया जिला अस्पताल

सत्याग्रहियों को जिला अस्पताल लाया गया

जल सत्याग्रह के दौरान पानी में लगातार सत्याग्रह करने से पैरो में केंदवा जैसे छाले बन रहे हैं। आंदोलन के दौरान लक्ष्मीबाई पटेल उम्र 60 वर्ष किसनपुरी, हलाल मरकाम 60 वर्ष डोमापदर बेलर, इंदलसिंह मरकाम 57 वर्ष नवागांव बेलर, कृपाराम सिन्हा 82 वर्ष भटगांव, पुरषोत्तम मरकाम 48 वर्ष कोलियारी तिर्रा, शंभूराम 65 वर्ष बनबगौद, राजकुमारी वार्डे 30 वर्ष, भारती पटेल 55 वर्ष किसनपुरी एवं चंद्रहास मंडावी 75 वर्ष मड़वापथरा की तबियत बिगड़ गई, जिसे देख सभी 9 लोगों को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

खबर संक्षेप

हंकारा में सांरगपुरी का नाचा आज

धमतरी। क्वांर नवरात्रि के अवसर पर ग्राम हंकारा में मोर मया के फूल नाचा पार्टी सांरगपुरी (खरेंगा) का कार्यक्रम 15 अक्टूबर गुरुवार को नवयुवा दुर्गोत्सव समिति रंगमंच चौक में रखा गया है। यह जानकारी पुरूषोत्तम साहू, देवप्रसाद साहू, भीषम साहू, मनहरण ध्रुव, रामेश्वर गोस्वामी पंडा, लीलाराम साहू पंडा आदि ने दी है।

कोर्रा में आज होगा विकास कार्यों का लोकार्पण

कोर्रा(भखारा)। ग्राम पंचायत कोर्रा में गुरुवार, 15 अक्टूबर को विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर शामिल होंगे। समारोह का आयोजन सुबह 11 बजे ग्राम कोर्रा के बाजार चौक में किया जाएगा। ग्राम पंचायत कोर्रा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अटल व्यावसायिक परिसर, मल्टीलेवल जिम, पंचायत मुख्य प्रवेश द्वार एवं सौंदर्यीकरण, नहर नाली में सीसी रोड, महतारी सदन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इन विकास कार्यों से गांव में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ व्यावसायिक गतिविधियों और सार्वजनिक सुविधाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में विधायक अजय चंद्राकर के सहयोग और सरपंच चोवाराम साहू के प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लोकार्पण समारोह को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में उत्साह है।



- विधायक अजय चंद्राकर होंगे शामिल

कार की ठोकर से बाइक सवार मां-बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मां-बेटा घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दरगहन निवासी धनसिंग पटेल पिता रेखराम उम्र 35 वर्ष बुधवार को अपनी मां गजेन्द्री पटेल उम्र 55 वर्ष को बाइक में बिठाकर नगरी मार्ग से होते हुए कुकरेल स्थित मंदिर ले जा रहा था। इसी दौरान चालक ने तेज रफ्तार कार को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को जोरदार टक्कर मार मौके से फरार हो गया। कार की ठोकर से मां-बेटी बाइक सहित दूर जा गिरे। इस घटना में दोनों मां-बेटी लहुलूहान सड़क पर पड़े थे। इसी दौरान यातायात प्रभारी एसआई खेमराज साहू स्टाफ के साथ नगरी मार्ग पर निकले थे। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच घायल मां-बेटी को विभाग की इन्टरसेप्टर वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों को माइनर ओटी में ले जाकर प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। तब तक घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घायलों को वार्ड में शिफ्ट किया गया। जहां उपचार जारी है।

कोटवार पर सेवा भूमि बेचने का आरोप

धमतरी। कोटवार पर सेवाभूमि को बेचने का आरोप लगाते हुए भटगांव के ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस जमीन को बेचने के लिए रिकार्ड में हेराफेरी भी की गई है।

कुछ दिन पहले ग्राम भटगांव के ग्रामीण कलेक्टोरेट, एसपी कार्यालय और तहसील कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने बताया कि गांव की महिला कोटवार को शासन से 0.32 हेक्टेयर सेवा भूमि मिली थी। सेवा भूमि की शर्तों के अनुसार वह इस भूमि पर कास्तकारी कर गुजारा तो कर सकती है, लेकिन इसे बेच नहीं सकती है। इसके बाद भी उसने जमीन के रिकार्ड में हेराफेरा कर जमीन को दूसरे गांव के एक व्यक्ति के पास बेच दिया। ग्रामीणों ने कोटवारी भूमि की बिक्री को शून्य घोषित करते हुए कोटवार और जमीन लेने वाले व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

गरबा संचालकों की निगम आयुक्त ने ली बैठक, सुरक्षा का ध्यान रखने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



निगम आयुक्त अरुण वर्मा ने धमतरी शहर में संचालित हो रहे गरबा संचालकों की बैठक आयोजित की। उन्होंने इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा। वहीं तमाम सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने के निर्देश गरबा संचालकों को दिए। आयुक्त के संज्ञान में आया कि गरबा स्थलों में पहुंचने के दौरान यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रहा है इसके लिए उन्होंने गरबा के आयोजकों को यातायात बाधित नहीं होने देने संपूर्ण रूप से व्यवस्था करने कहा है। वहीं गरबा को विभिन्न मापदंडों के अनुरूप आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि धमतरी शहर के विभिन्न स्थानों में गरबा आयोजित किया जा रहा है जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वही कुछ स्थान, प्रमुख सड़कों के किनारे होने के कारण यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है जिसको देखते हुए आयुक्त ने आज गरबा के आयोजकों की बैठक लेकर उन्हें निर्धारित मापदंडों के आधार पर गरबा संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

इधर आयुक्त ने गरबा के लिए विधिवत सक्षम प्राधिकारी से अनुमति एवं अनापत्ति प्राप्त करने भी कहा है ताकि प्रशासनिक दृष्टिकोण से तथा सुरक्षात्मक तरीके से आयोजन हो सके। आज की बैठक के दौरान आराध्य गरबा के आयोजक एवं रास गरबा के आयोजक सहित अन्य मौजूद रहे।

आवक बढ़ने पर दाम घटने की उम्मीद, स्वाद और पौष्टिकता के कारण बढ़ रही मांग

बाजार में पहुंचा सीताफल, 60 रुपए किलो तक कीमत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मौसम में बदलाव के साथ ही बाजार में सर्दियों के मौसमी फलों की रौनक बढ़ने लगी है। इन्हीं में शामिल सीताफल की आवक धमतरी के बाजारों में शुरू हो गई है। शहर के प्रमुख बाजारों और चौक-चौराहों पर विक्रेता ताजे सीताफल लेकर पहुंच रहे हैं। फिलहाल अलग-अलग स्थानों पर इसकी कीमत 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक बताई जा रही है। स्वाद में मीठा और गूदेदार होने के कारण लोग इसे पसंद कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आवक बढ़ने के साथ ही आने वाले दिनों में कीमतों में गिरावट की उम्मीद भी जताई जा रही है।

ताजे फल की मांग, कुछ घंटों में हो जाती है बिक्री

बिलाई माता मंदिर के पास सीताफल बेचने वाली कुमारी बाई ने बताया कि वह नगरी, सिहावा, गट्टासिल्ली और नरहरपुर क्षेत्र से रोज ताजे सीताफल लेकर आती हैं। मौसमी फल होने के कारण ग्राहकों में इसकी अच्छी मांग है। कई बार दो से तीन घंटे में ही फल बिक जाते हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल चिल्हर में सीताफल 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। वहीं कुछ बाजारों में इसकी कीमत 80 रुपए प्रति किलो तक है। लोग अपने परिवार के साथ रिश्तेदारों के लिए भी सीताफल खरीद रहे हैं।

पोषक तत्वों से भरपूर है सीताफल

डाइटिशियन डॉ. लता साहू के अनुसार सीताफल स्वादिष्ट होने के साथ पोषक तत्वों से भी भरपूर फल है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, विटामिन सी और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। संतुलित मात्रा में इसका सेवन शरीर को ऊर्जा देने और पाचन को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखने में सहायक होता है। हालांकि, मधुमेह से पीड़ित लोगों को इसकी मात्रा का ध्यान रखना चाहिए और अपनी खानपान संबंधी जरूरतों के अनुसार इसका सेवन करना चाहिए। मौसमी फल होने के कारण सीताफल को संतुलित आहार में शामिल किया जा सकता है।

गांवों से बाजार तक पहुंच रहा सीताफल

धमतरी के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सीताफल की फसल तैयार होने लगी है। ग्राम गट्टासिल्ली से सीताफल बेचने पहुंचे निरंजन राम के अनुसार, इस वर्ष मौसम अनुकूल रहने से अच्छी पैदावार की उम्मीद है। फसल की आवक बढ़ने पर बाजार में इसकी उपलब्धता बढ़ेगी और कीमतें कम हो सकती हैं। शहर के पास स्थित ग्राम बरारी भी सीताफल उत्पादन के लिए जाना जाता है। यहां के बगीचों में तैयार होने वाले सीताफल की मांग धमतरी के अलावा रायपुर, दुर्ग सहित दूसरे जिलों में भी रहती है। कांकेर, चारामा और जगदलपुर क्षेत्र से भी सीताफल धमतरी पहुंच रहा है। माड़मसिल्ली बांध एरिया से केरेगांव, नगरी तिराहे पर रोजाना भारी मात्रा में सीताफल पहुंच रहा है। जो चिल्हर ग्राहकों और कोचियों के माध्यम से धमतरी पहुंच रहा है।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 16 को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत शिक्षा सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वी में प्रवेश के लिए विभागीय वेबसाईट https://एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर 228 रिक्त सीट के आधार पर चतुर्थ ओपन काउंसिलंग आगामी 16 अक्टूबर को आयोजित की गई है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक यह काउंसिलिंग कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर ब्लॉक-5 तृतीय तल, हॉल नंबर-4 में होगी।

काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं की अंकसूची, प्रधानपाठक द्वारा कक्षा आठवीं में अध्ययनरत होने का सत्यापन प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति, निवास प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य है। विद्यार्थी यदि विशेष पिछड़ी जनजाति हो तो उसका प्रमाण पत्र, यदि विशेष श्रेणी से चयनित (दिव्यांग, अनाथ, भूतपूर्व सैनिक के बच्चे) हो तो संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। काउंसिलिंग के बाद संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश की पात्रता होने पर तीन दिन के भीतर अनिवार्यतः जिला शिक्षा अधिकारी से काउंटर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र और जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र लाना होगा।

खबर संक्षेप

विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण, आवेदन 21 तक

धमतरी। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में टेक्सी ड्रायवर, रिटेल (सेल्समेन) और सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के अभ्यर्थी आगामी 21 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि टेक्सी ड्रायवर और सेल्समेन प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास और सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, राशनकार्ड और पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

साधारण बसों में प्रति किलोमीटर 50 पैसे की वृद्धि

का 80 रुपए, नगरी का 115 रुपए, दुर्ग का 125 रुपए और मगरलोड का 80 रुपए हो गया है। इससे नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों को अधिक खर्च करना पड़ेगा।

राउंड फिगर में तय किया गया किराया

38.40 रुपए बनता है, तो उसे 40 रुपए किया गया है। वहीं 41.25 रुपए किराया होने पर उसे घटाकर 40 रुपए रखा गया है। इस व्यवस्था में कुछ मार्गों पर किराया थोड़ा अधिक, तो कुछ पर कम हो सकता है। फिलहाल धमतरी में लग्जरी बसों की संशोधित किराया सूची नहीं पहुंची है।

किसानों के लिए बनेगा किसान कुटीर, 200 मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भखारा में धान उपार्जन केंद्र के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भखारा में धान उपार्जन व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंडी प्रांगण भखारा में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया।

समिति परिसर में किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किसान कुटीर का निर्माण, 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का निर्माण, 90 मीटर लंबे फड़ तथा 30 मीटर के छोटे फड़ का निर्माण प्रस्तावित है। इन निर्माण कार्यों से धान उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाएं सुदृढ़ होंगी तथा किसानों को धान विक्रय के दौरान बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाना पहली प्राथमिकता : ज्योति

इस अवसर पर नपं अध्यक्ष श्रीमती जैन ने कहा कि किसानों की सुविधा और कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाना प्राथमिकता है। धान उपार्जन केंद्र में आवश्यक अधोसंरचना का विकास होने से किसानों को काफी सहूलियत मिलेगी। किसान कुटीर, गोदाम एवं फड़ निर्माण से उपार्जन व्यवस्था अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक बनेगी। विधायक अजय चंद्राकर की सक्रियता से विकास कार्य हो रहे हैं।

मौके पर गोविन्दसिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी भखारा, पंकज सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी सेमरा, नपं उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद छबिलाल निर्मलकर, हितेन्द्र साहू, परदेशीराम कंवर, गिरिराज सोन, झम्मन साहू, हितेन्द्र साहू, बुधराम सोन, यशवंत साहू, गोपाल कंवर, समिति प्रबंधक रामकुमार साहू भखारा, लिपिक कमलेश यादव, धनेश्वर साहू, अनिल साहू, प्रमोद चन्द्राकर, श्रीमती गीता यादव एवं श्रीमती पुष्पलता साहू सहित समिति के कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सांकरा में सेवा संकल्प अभियान का विखं स्तरीय शिविर आयोजित

88 आवेदनों का मौके पर निराकरण, 15 के लिखित निराकरण की हुई कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत सांकरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की 23 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, सरपंच-सचिवों, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा ग्रामीणों की सहभागिता रही।

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 103 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 88 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि 15 आवेदनों का लिखित निराकरण दर्ज किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 47 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया गया। राजस्व विभाग के 2, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 3, महिला एवं बाल विकास विभाग के 2, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 3, शिक्षा विभाग के 3, पशु चिकित्सा विभाग के 10, कृषि विभाग के 3 तथा खाद्य विभाग के 6 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। वहीं, विद्युत विभाग के 6 तथा मनरेगा क्रमांक-01 से संबंधित 9 आवेदनों का लिखित निराकरण दर्ज किया गया।

जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि सेवा संकल्प शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के समक्ष रखने का अवसर मिलता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ देश के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। सरकार द्वारा युवाओं के रोजगार, किसानों, गरीबों और जरूरतमंदों के हित में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है।

जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, सभापति जनपद पंचायत प्रेमलता नागवंशी, रवि दुबे ,जनपद सदस्य राजू गोसाई ने भी अपने विचार रखे।

मौके पर जपं उपाध्यक्ष हृदय साहू, रवि दुबे, जनपद सदस्य राजेशनाथ गोसाई, मोहन पुजारी, सांकरा सरपंच नागेंद्र बोर्झा, केशव टेकाम, गिरवर भंडारी, शत्रुघन, नगीना सोम कन्हैया, मोहन नाहटा, भारत पटेल, एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार शिवेंद्र सिन्हा, जपं सीईओ विमल साहू, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एसके ठाकुर, बीपीएम हितेंद्र साहू सहित 23 ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव उपस्थित थे।

आर्थिक परिस्थितियां किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई में बाधा न बनें : मरकाम

- चार विद्यालयों में 1100 विद्यार्थियों को बांटी नि:शुल्क कॉपियां

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



सेवा संकल्प अभियान के तहत शाउमावि केरेगांव, गट्टासिल्ली, शासकीय हाईस्कूल गुहाननाला एवं करैहा के 1100 विद्यार्थियों को कॉपियों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विकास मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संघर्षपूर्ण जीवन, कठिन परिस्थितियों से निकलकर देश के सर्वोच्च नेतृत्व तक पहुंचने का उनका सफर प्रत्येक विद्यार्थी और युवा के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका जीवन सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारा प्रयास है कि आर्थिक परिस्थितियां किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई में बाधा न बनें और प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें।

जिपं धमतरी के पूर्व उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में प्रगति कर सकता है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव ने कहा कि शिक्षा ऐसा सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए विद्यार्थी पढ़-लिखकर अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

कार्यक्रम में जिपं सदस्य अजय ध्रुव, जनपद सदस्य श्रीमती ईश्वरी नेताम, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम, करैहा सरपंच राधेश्याम नेताम, रोहित यादव, हिरामन ध्रुव, सुरेन्द्र राज ध्रुव, सरपंच केरेगांव अकबर मंडावी, नरसिंह मरकाम, प्राचार्य अर्चना साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से आम नागरिकों का जीवन होगा सरल

- एक्सिस बैंक की भखारा शाखा का नपं अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



नगर में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक्सिस बैंक की भखारा शाखा का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने किया।

इस अवसर पर श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में बेहतर बैंकिंग व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भखारा में एक्सिस बैंक की शाखा प्रारंभ होने से नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। इससे नागरिकों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर-दराज जाने की आवश्यकता कम होगी और उनका समय एवं श्रम बचेगा। बैंक के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने, हितग्राहियों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण सहयोग मिल सकता है। सीएमओ हरिकिशन पावरिया, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, श्याम गौर, शशि गौर, होमेन्द्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, राजू साहू, भूपेश्वरी चंदेल, बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की बात कही।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थायी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

नाम परिवर्तन सूचना

प्ररूप-(एक)

मैं चंदा बाई इंग्लिश में CHANDA BAI जन्मतिथि 01.01.1985 (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्री झंगलू इंग्लिश में JHANGALU ग्राम सेमरा बी तहसील व जिला धमतरी छ.ग. 493773 में अपना नाम चंदा बाई इंग्लिश में CHANDA BAI (पुराना नाम) से बदल कर ग्वलिन बाई यादव इंग्लिश में GVLIN BAI YADAW (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
चंदा बाई

आईटीआई कुरूद के 60 युवाओं को अप्रेंटिसशिप ऑफर लेटर, पुणे में मिलेगा रोजगार का अवसर

- रोजगार मेले में 200 युवाओं ने लिया हिस्सा, हायर कंपनी में 55 और मदरसन में 5 अभ्यर्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कुरूद में आयोजित अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेले में 60 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। 12 अक्टूबर को टीएसपीएल ग्रुप की कंपनी टैलेंटकॉर्प सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित मेले में करीब 200 युवाओं ने भाग लिया। चयनित अभ्यर्थियों को पुणे में काम करने का अवसर मिलेगा, जहां उन्हें प्रतिमाह 18,000 रुपये वेतन दिया जाएगा।

भर्ती प्रक्रिया के तहत हायर कंपनी के लिए 55 और मदरसन कंपनी के लिए 5 युवाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रशिक्षण अधीक्षिका अर्चना भंडारकर थीं। टीएसपीएल ग्रुप के निदेशक राहुल बोरकर ने युवाओं को टैलेंटकॉर्प सॉल्यूशंस की कार्यप्रणाली, कंपनियों में उपलब्ध पदों और रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी। रोजगार मेले का उद्देश्य तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप औद्योगिक प्रतिष्ठानों से जोड़ना था।

आयोजन में नियोजन प्रकोष्ठ के सदस्य सुरेंद्र देवांगन, तोषण लाल साहू, मिनती बेंज, जयमल साहू, दीपक सिन्हा और हिमेश्वरी सोनवानी का योगदान रहा। संस्था के प्राचार्य योगेश देवांगन के मार्गदर्शन में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण और औद्योगिक संस्थानों के साथ समन्वय के प्रयास किए जा रहे हैं।

बिरगुड़ी के मां शीतला शक्तिपीठ में 164 मनोकामना दीप जले

भजन-कीर्तन और जसगीत से भक्तिमय हुआ माहौल, दूर-दराज से पहुंच रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बिरगुड़ी स्थित मां शीतला शक्तिपीठ में 11 अक्टूबर को 164 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। इनमें 151 तेल ज्योति तथा 13 घी ज्योति शामिल हैं। नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर में माता रानी की आराधना और सेवा भक्ति का सिलसिला जारी है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती के साथ श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जा रही है।

मां शीतला के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए ग्राम बिरगुड़ी सहित आसपास के गांवों तथा दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन एवं जसगीत की प्रस्तुति से मंदिर परिसर भक्तिमय बना हुआ है। ज्योति कलश की स्थापना से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण है। इस धार्मिक आयोजन में ग्राम पटेल मनोज कश्यप, ग्राम समिति अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप, कोषाध्यक्ष विकेंद्र सरोज, अकबर कश्यप, मंदिर पुजारी, पंच रूपलाल नाग सहित अश्वनी ध्रुव, रामभरोसा कश्यप, यशवंत नाग, बुधार ध्रुव, सौरभ साहू, चन्द्रहास देव, हुमन बिसेन जुटे हुए हैं।

अब मोबाइल ऐप से खाद खरीदेंगे किसान : निरंजन

सेमरा 'सी' से डिजिटल साक्षरता अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



जिले के सेमरा सी गांव से अन्नदाताओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल शुरू हुई है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की कोर्रा शाखा एवं सिलौटी समिति के आश्रित ग्राम सेमरा सी में वित्तीय डिजिटल साक्षरता अभियान का आगाज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम देव श्री सिरदार की पूजा-अर्चना के साथ की गई।

समारोह के मुख्य अतिथि बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध कराने के लिए पूरी व्यवस्था को डिजिटल रूप देने जा रही है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी रबी सीजन 2026-27 से पूरे प्रदेश में नई व्यवस्था प्रभावी होगी, जिसके तहत किसान अब मोबाइल ऐप के जरिए खाद खरीद सकेंगे।

कार्यक्रम में बैंक के अतिरिक्त प्रबंधक एसपी चंद्राकर, अधिकारी डीके व्यास, भोलाराम साहू, संतोष यादव, पंकज सिन्हा, सरपंच छबिलेश सिन्हा, शाखा प्रबंधक महेंद्र सिंह गौर, सुपरवाइजर ललित मानिकपुरी, चोवाराम गंजीर, हेमन्त साहू सहित क्षेत्र की विभिन्न समितियों के प्रबंधक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

कालाबाजारी पर लगेगी लगाम

बैंक अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत किसानों को मोबाइल ऐप से टोकन जारी किया जाएगा। टोकन सिस्टम लागू होने से सोसाइटियों में लगने वाली लंबी कतारों और किसानों की परेशानियों से निजात मिलेगी। इसका मुख्य उद्देश्य खाद वितरण में पूरी पारदर्शिता लाना और कालाबाजारी को पूरी तरह खत्म करना है।

Pride of Dhamtari

24 घंटे भर्ती सुविधा
• एनआईसीयु
• आईसीयु
• पीडियाट्रिक वार्ड
• टीकाकरण
• ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
ESTD. - 1910
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास
धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में न्यूरो सर्जन प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौगागगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप



भक्तिन के घर जले 171 ज्योति कलश

मगरलोड। ग्राम तेंदूभाठा में नीराबाई भक्तिन के निवास में मां काली व मां दुर्गा का मंदिर है। क्वांर नवरात्रि में घी की 36 और तेल की 135 ज्योति सहित कुल 171 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है।

डांडेसरा बस्तीपारा में जस झांकी आज



डांडेसरा(धमतरी)। क्वांर नवरात्रि के अवसर पर मारूति नंदन युवा दुर्गोत्सव समिति बस्तीपारा डांडेसरा के द्वारा माँ दुर्गा की मूर्ति एवं ज्योति कलश स्थापित की गई। जिसमें आज 15 अक्टूबर गुरूवार पंचमी पर रात्रिकालीन में दास विलास जय अम्बे जस झांकी परिवार ग्राम मुड़िया (राजनांदगांव) का कार्यक्रम रखा गया है।

कोसरिया यादव समाज का जिला स्तरीय बैठक 25 को

धमतरी। छग कोसरिया यादव समाज जिला संगठन का जिला स्तरीय बैठक धमतरी में 25 अक्टूबर रविवार को आयोजित है। सम्मेलन में जिलेभर के यादव समाज के महिला–पुरूष सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में महत्वपूर्ण समाजिक मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। जिला स्तरीय सामाजिक बैठक गोकुलपुर स्थित सत्संग भवन परिसर में होगी। बैठक में समस्त व्यवस्था एवं संचालन के लिए नगर इकाई के सामाजिकजनों को जिम्मेदारी सौपी गई है। जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष जोहन सिंह यादव की अध्यक्षता में होगी, जिसमें धमतरी, मगरलोड, कुरूद, नगरी एवं भखारा क्षेत्र के सामाजिकजन सम्मिलित करेंगे। जिला संगठन सचिव रामेश्वर यादव द्वारा जिला स्तरीय सम्मेलन में सभी वार्ड अध्यक्ष, नगर इकाई के पदाधिकारी, सदस्य एवं महिला मण्डल के महिला सदस्यों की उपस्थिति की अपील की गई है। इस संबंध में तैयारी बैठक कार्यक्रम स्थल गोकुलपुर स्थित सत्संग भवन में रखी गई थी जिसमें रामेश्वर यादव, मोहन यादव, एनआर यादव, हन्शु यादव, रामअवतार यादव, जितेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, महावीर यादव, हेमन्त यादव, सुरेश यादव, यशवंत यादव दानीटोला, हीरालाल यादव, मुकेश यादव, नन्दकिशोर यादव उपस्थित थे।

न्यायालय में उपस्थिति के लिए समंस (आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत) न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

धनुष राम वगैरह ... वादीगण
बनाम
तेजराम वगैरह .....प्रतिवादीगण
व्य. वा. क्र. 229 अ / 2026 पेशी दिनांक 03/12/2026
प्रो.क्रं. 1913 /2026

प्रति,
आम जनता वगैरह,

चूंकि वादीगण के द्वारा आप प्रतिवादीगण तेजराम वगैरह के विरूध्द ग्राम- भटेली, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) मे स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 897, 899, 1143 रकबा क्रमशः 0.7500, 0.2100, 0.6800 हे. कुल खसरा 03 कुल रकबा 1.6400 हे. में हल्का पटवारी द्वारा वादी क्र. 02 का नाम में इन्द्राज करते समय त्रुटिवश तुलसी बाई पिता गोपाल तथा ग्राम सिलघट, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) मे स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 496, रकबा 1.3600 हे. में हल्का पटवारी द्वारा वादी क्र. 02 का नाम में इन्द्राज करते समय त्रुटिवश हुलसी बाई पिता गोपाल तथा ग्राम सिहाद, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) मे स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 159 रकबा 0.5900 हे. में हल्का पटवारी द्वारा वादीगण का नाम में इन्द्राज करते समय त्रुटिवश धनेश राम पिता गोपाल व उर्वशी पिता गोपाल दर्ज कर दिया है जबकि वादी क्रमांक 01 का वास्तविक नाम धनुष राम पिता गोपाल है तथा वादी क्रमांक 02 का वास्तविक नाम अग्नि साहू पिता गोपाल है, जिस कारण वादिनी कृषि में तरक्की हेतु ऋद बीज तथा छ.ग. शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होने के संदर्भ को लेकर इस न्यायालय में धनुष राम एवं धनेश राम दोनों एक व्यक्ति के नाम है, तथा राजस्व अभिलेख में धनेश राम को विलोपित कर धनुष राम दर्ज करने तथा अग्नि साहू, तुलसी बाई, हुलसी बाई व उर्वशी सभी एक व्यक्ति के नाम है, तथा राजस्व अभिलेख में तुलसी बाई, हुलसी बाई व उर्वशी को विलोपित कर अग्नि साहू दर्ज करने की घोषणा तथा ग्राम- भटेली, प.ह.न. 19, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 897, 899, 1143 रकबा क्रमशः 0.7500, 0.2100, 0.6800 हे. कुल खसरा 03 कुल रकबा 1.6400 हे. में सह खातेदार मेहतरीन बेवा गोपाल तथा ग्राम- सिहाद, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) मे स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 159 रकबा 0.5900 हे. के सह खातेदार रामवती पति गोपाल की मृत्यु दिनांक 26/11/2011 को हो जाने के कारण उक्त खाता से मेहतरीन बाई उर्फ रामवती जो एक व्यक्ति के नाम है जिसे विलोपित करने का वाद संस्थित किया है, इस कारण आप आम जनता / प्रतिवादीगण वगैरह जिसको आपत्ति हो, इस न्यायालय में दिनांक 03/12/2026 को सुबह 11:00 बजे दावा का उत्तर देने उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप आम जनता वगैरह इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो जो इस वाद से संबंधित सारवान पश्नो का उत्तर दे सके।

अतः आप आम जनता वगैरह / प्रतिवादीगण को सूचित किया गया जाता है कि, यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो, वाद की सुनवाई आपकी अनुपस्थित में किया जावेगा, पेशी तारीख में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा।

आज दिनांक 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

रजत कुमार निराला
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरुद
जिला–धमतरी (छ.ग.)

मुहर

647 मनोकामना ज्योतियों से जगमगा रहा माता का दरबार

पंचमी पर होगा महामाई माता का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





सप्तऋषियों की तपोभूमि एवं माँ महानदी के उद्गम स्थल के रूप में विख्यात फरसियां स्थित माँ महामाई धाम में नवरात्र पर्व के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। महामाई माता के दरबार में प्रज्वलित 647 मनोकामना ज्योतियाँ पूरे मंदिर परिसर को दिव्य आभा से आलोकित कर रही हैं। पंचमी के पावन अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा तथा विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना संपन्न होगी। समिति के अध्यक्ष शिवदयाल साहू,सचिव नीरज सोन एवं कैलाश सोन ने बताया कि नवरात्र के पावन अवसर पर पंचमी तिथि को महामाई माता का आकर्षक एवं भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालु माता के दर्शन कर सुख, समृद्धि, आरोग्य एवं खुशहाली की कामना करेंगे। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच पूजा-अर्चना और माता की आराधना से पूरा धाम भक्तिरस में सराबोर रहेगा।

महामाई धाम में इस वर्ष 647 मनोकामना ज्योतियाँ प्रज्वलित की गई हैं। इन ज्योतियों के माध्यम से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति, परिवार की सुख-शांति और जीवन में सकारात्मकता की कामना कर रहे हैं। ज्योतियों की पावन लौ से माता का दरबार दिव्य और अलौकिक छटा बिखेर रहा है। माँ महामाई के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ आसपास के अन्य प्रदेशों से भी भक्तगण यहाँ पहुँचकर मनोकामना ज्योतियाँ प्रज्वलित करवाते हैं। यह धाम क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और जनविश्वास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

कुंड के पवित्र जल के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था

माँ महामाई धाम स्थित कुंड के पवित्र जल के प्रति श्रद्धालुओं की विशेष आस्था है। स्थानीय जनमान्यता के अनुसार, इस जल में चमत्कारिक शक्तियाँ हैं तथा अनेक श्रद्धालु इसके उपयोग से शारीरिक कष्टों में राहत मिलने के अनुभव साझा करते हैं। श्रद्धालु इस पवित्र जल को माता की कृपा और आशीर्वाद का प्रतीक मानते हैं। यह आस्था पीढ़ियों से चली आ रही धार्मिक परंपराओं को और मजबूत करती है।

सांकरा में कबड्डी का महाकुंभ खैरागढ़ ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा



जिले के सबसे बड़े ग्राम पंचायत सांकरा में कबड्डी का रोमांच देखने को मिला। श्री नंदेश्वर कबड्डी क्लब द्वारा दो दिवसीय भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नंदी चौक, पुराने गौठान में किया गया।

प्रतियोगिता में कांटे के मुकाबले के बाद खैरागढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम को 41 हजार रुपये नकद और चमचमाती ट्रॉफी दी गई। बता दें कि खैरागढ़ की टीम पिछले साल 2025 में भी चैंपियन रही थी। वहीं सक्ती जिले की टीम 31 हजार रुपये के साथ उपविजेता रही। तृतीय देवरी बालोद को 11 हजार और चतुर्थ पुरस्कार 5500 रुपये रायगढ़ की टीम को मिला। आयोजकों ने बताया कि कबड्डी देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा था। इस दौरान आयोजक समिति के सदस्य हर्षित साहू, भोला ध्रुव, युवराज पटेल, सरपंच नागेंद्र बोरझा, पूनम साहू, विजय साहू, तोषक पटेल, लक्ष्मीनाथ ध्रुव, रोमन साहू, तरल साहू, हरिश साहू, भूपेश बनपेला, कल्याण मत्सयपाल, यश साहू, कृष्णा गोसाईं, राहुल सोनी, लव साहू, झलेंद्र साहू, हलेंद्र संजू गोसाईं आदि उपस्थित थे।

मेनोनाइट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल के विज्ञान संकाय के कक्षा 11वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों को इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केन्द्र संबलपुर (जिला धमतरी) का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कक्षा में पढ़े गए सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिल सके, और वे कक्षा की चार दीवारी से बाहर अपने विषय के सैद्धांतिक ज्ञान को कार्य रुप में परिणीत होता देखकर उसका प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें।

इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों ने अनुसंधान केन्द्र की कार्यशाला, प्रयोग शाला, परीक्षणों और आधुनिक कृषि तकनीकी और उसके व्यवसायिक शिक्षा की भूमिका को बारीकी से समझा।

यह शैक्षणिक भ्रमण इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केन्द्र संबलपुर के प्रमुख डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ अमित कुमार सिन्हा, डा. शक्ति वर्मा, डा. दीपिका चंद्रवंशी, डा. नेहा गावड़े एवं डॉ रितिका ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वहां के कुशल एवं प्रशिक्षित प्रोफेसरों एवं शोधकर्ताओं ने बताया कि किस प्रकार उनका विभाग विभिन्न सरकारी योजनाओं द्वारा छात्रों को सभी प्रकार के जैविक खाद, उर्वरकों, वर्मी कंपोस्ट एवं कृषि के आधुनिक यंत्रों के प्रयोग के साथ-साथ आज के व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मशरूम उत्पादन, रेशम उत्पादन इत्यादि हेतु उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाता है। विद्यार्थियों ने यहां सीखा कि नये प्रयोगों एवं आधुनिक कृषि तकनीकी अपनाकर हम कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाकर उसका आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। यह शैक्षणिक भ्रमण हमारी शाला की जीव विज्ञान शिक्षिका श्रीमती करिश्मा मिलाप के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्राचार्य स्टीव लाल ने इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण की महत्ता को समझाते हुए कहा कि वह शाला की सभी संकायों हेतु ऐसे शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन संपन्न कराने की इच्छा रखते हैं, जिससे छात्रों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके।

विजयादशमी उत्सव के लिए समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



नगर पंचायत भखारा-भठेली में इस वर्ष विजयादशमी पर्व को भव्य एवं उत्साहपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा उत्सव के अवसर पर रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए नागरिक नव चेतना समिति, भखारा के माध्यम से आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है तथा समिति का गठन कर उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर पंचायत भखारा-भठेली के सहयोग से 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार को रामलीला मैदान, भखारा में सायं 7 बजे से रामलीला मंचन कराने का निर्णय लिया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देना है। बैठक में नागरिक नव चेतना समिति सदस्य सहित नगर पंचायत के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने तथा नगरवासियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की। आयोजन समिति ने समस्त नगरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की शोभा बढ़ाने तथा विजयादशमी उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

शहीद विश्वनाथ बिसेन कप फुटबाल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

नगरी। ग्राम छिपली में सीएफसी समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय तहसील स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। अमर शहीद विश्वनाथ सिंह बिसेन कप के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभको ग्रीन पार्क स्टेडियम छिपली में हुआ। कार्यक्रम के अतिथि जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य बोरसी एवं जपं नगरी के उपाध्यक्ष हृदयलाल साहू थे। अध्यक्षता सरपंच लिकेश्वरी ने की। अतिथियों ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

बिरगुड़ी के शीतला मंदिर में जगमगा रहे आस्था के ज्योति कलश

नगरी। आदर्श ग्राम बिरगुड़ी में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां शीतला शक्ति समिति द्वारा शीतला मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिर में कुल 164 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई हैं, जिनमें 151 तेल ज्योत और 13 घी ज्योत शामिल हैं। ज्योत की रोशनी से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर है। वहीं, पंचमी के अवसर पर माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इस आयोजन में देव समिति के सदस्य रूप नाग, राजेंद्र, सुरेंद्र यादव, अश्वनी ध्रुव, यशवंत नाग, सौरभ साहू, चंद्रहास, बुधार ध्रुव एवं मदन सरोज सहित ग्रामसभा अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप, ग्राम पटेल मनोज कश्यप, विकेंद्र सरोज, अमृत यादव और नरोत्तम नेताम अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। समस्त ग्रामवासी माता रानी की सेवा एवं धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।





अंचल की खबरें

बकली में ग्रामीण कर रहे माता की सेवा



सिर्री। नवजागरण दुर्गोत्सव समिति ग्राम बकली बाजार चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। सेवा में पंडा सहित ग्रामीण लगे हुए हैं जिसमें से नीलाम्बर साहू, प्रीतम साहू, भीषण साहू, घनश्याम साहू, रामेश्वर साहू, कोमल साहू, घनश्याम साहू, कोमल साहू, तोरण साहू, अमित साहू, अरुण साहू, चम्पेश्वर साहू, धमेंद्र साहू, त्रिलोचन साहू, उमाकांत साहू, चोपेश्वर साहू, महेंद मंडावी, खुमान साहू, कल्याण साहू, धनेश साहू, चंदन साहू, नूतन साहू, भुनेश्वर साहू, धनीराम साहू, संतोष साहू, यशवंत साहू, धर्मराज पटेल भी शामिल है।

नवरात्रि पर्व पर ब्राम्हणपारा में हुई भजन संध्या



धमतरी। शारदीय नवरात्रि पर्व के द्वितीय दिवस मां बम्लेश्वरी दुर्गोत्स्व समिति ब्राम्हण पारा द्वारा विराजमान मां जगदम्बा की महाआरती की गई। श्री रामधुनी संकीर्तन समिति श्री सांवरिया भक्त मंडल धमतरी का भक्तिमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। अमित साहू, राजा रिगरी, अंकित दुबे, राम पवार ,पार्थ हिरवानी, आर्यन सोनी, आदर्श दुबे ने भजन मंडली को श्रीफल भेंटकर विदाई दी। मौके पर संतोष तिवारी, यादवेंद्र दीवान, कमलेश तिवारी, राजकुमार सार्वा, योगेश बाबर, मुकेश पवार, पप्पू डागा, योगेश वर्मा, फिरोज हिरवानी, दिनेश दुबे, गीता सोनी, नलिनी शर्मा, सुनीति रजक समेत वार्डवासी मौजूद थे। पार्षद कोमल सार्वा ने आभार व्यक्त किया।

जिला रोजगार सहायक संघ के राधेश्याम बने अध्यक्ष



धमतरी। जिला ग्राम रोजगार सहायक संघ की बैठक कलेक्ट्रेट गार्डन धमतरी में आयोजित की गई। बैठक में संघ एवं सदस्यों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही रोजगार सहायकों की समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद करने और आगामी समय में शासन के समक्ष मांगें रखने पर चर्चा हुई। इस दौरान जिला ग्राम रोजगार सहायक संघ का पुनर्गठन किया गया। राधेश्याम कुर्रे को अध्यक्ष, रविकला साहू को उपाध्यक्ष, आत्मानंद कोसरे को कोषाध्यक्ष, महेंद्र कुमार साहू को सचिव तथा टीकम चंद भारद्वाज को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। सदस्यों में गोविंद सिन्हा, चोवाराम, अशोक साहू, छन्नू लाल महिलांगे, हेमलाल निषाद, परमेश्वर साहू, रूपेश्वरी पटेल, देवचंद कावड़े, केदारनाथ, पवन, टिकेश और अजय ईश्वर शामिल हैं।

सुखराम कॉलेज में मतदाता जागरूकता शिविर



नगरी। सुखराम नागे कॉलेज में नए मतदाताओं को निवार्चन प्रक्रिया से जोड़ने एवं उनका वोटर आईडी कार्ड बनाने प्राचार्य डॉ. अश्वनी ध्रुव के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. आरआर मेहरा के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। प्रो. मेहरा ने बताया कि 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु फार्म 6 वितरित किए गए। शिविर में 39 से अधिक छात्र-छात्राओं ने मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन फार्म भरे। विद्यार्थियों ने आवेदन के साथ 10वीं की अंकसूची, माता-पिता के मतदाता पहचान पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रतियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सुपवाइजर लोचन साहू, सुरेन्द्र लोन्हारे, बीएलओ पूनम साहू, हुलास सुर्याकर, टिकेश्वर साहू, ऋषि साहू, सुलोचना साहू, माद्री साहू, गंगाधर साहू, योगेश गोन्डाने एवं प्राध्यापकों तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश साहू, यामिनी नेताम, लीना साहू का योगदान रहा।

घुरावड़ में टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ



नगरी। जय शीतला क्रिकेट क्लब घुरावड़ के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी के सदस्य प्रमोद कुंजाम थे। अध्यक्षता सरपंच महेश नेताम ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य मौसमी मांडवी, राजेश कश्यप, दरबार सिंह कोर्राम, विमल मांडवी, दिलीप जैन, गोलू देवांगन एवं राकेश नेताम थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि श्री कुंजाम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि प्रतिभा को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम भी है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन और आपसी सद्भाव के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के खेल आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला घुरावढ़ और कसपुर के बीच खेला गया। मैच को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

खबर संक्षेप

किशनपुरी में आज से राज्यस्तरीय मानस गान

कोरर। ग्राम किशनपुरी कोरर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर आज 15 से 17 अक्टूबर तक राज्यस्तरीय मानस गान सम्मेलन एवं धार्मिक-सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 15 अक्टूबर को सुबह 9 बजे होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर सांसद भोजराज नाग शामिल होंगे, जबकि अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा प्रसाद रावटे करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद मोहन मंडावी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, जिलाध्यक्ष महेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

गाली देने से मना करने पर महिला से मारपीट की



कांकेर। सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज करने से मना करना एक प्रधान पाठिका को भारी पड़ गया। युवक ने महिला के साथ मारपीट करते हुए उनके बाल खींचकर जमीन पर पटक दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना में महिला के बाएं पैर में घुटने के पास चोट आई है। थाना अंतागढ़ पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार ग्राम पोड़गांव निवासी 45 वर्षीय हेमेश्वरी बघेल प्राथमिक शाला मारीपारा पोड़गांव, अंतागढ़ में प्रधान पाठिका के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 13 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे वह घर से टहलने के लिए निकली थीं। इसी दौरान पानी टंकी के पास आर्यन पासवान उनके पीछे आने लगा और सार्वजनिक सड़क पर गाली-गलौज करने लगा। जब युवक को गाली देने से मना किया तो उसने कथित तौर पर अचानक उन पर हमला कर दिया। आरोपी ने उनके बाल खींचकर जमीन पर पटक दिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।

दादी से मजाक करने की बात पर युवक से मारपीट

कांकेर। दादी के साथ मजाक करने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम चिलपरस नयापारा की है। पीड़ित युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्के और लात से मारपीट करने का आरोप लगाया है। मारपीट में युवक की आंख के नीचे चोट आई है और सूजन के साथ खून जम गया। थाना कोयलीबेड़ा में शिकायत करने पहुंचे ग्राम चिलपरस नयापारा निवासी 30 वर्षीय सुरेश कुमार कड़ियाम पिता बालसिंग कड़ियाम ने पुलिस को बताया कि 13 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे वह अपनी दादी और भाभी के साथ घर के पास आग ताप रहा था।

निधन

मन्नु लाल साहू



धमतरी। ग्राम नर्रा निवासी मन्नुलाल साहू का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे वासुदेव, तामेशवर और भुनेशवरी के पिताजी थे। ऋषी पंचमी ग्रुप लिमतरा ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित किये हैं।

ग्रामीणों ने शिविर में जिला प्रशासन के नाम सौंपा ज्ञापन

सांकरा को नगर पंचायत बनाने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा



ग्राम पंचायत सांकरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय शिविर लगा। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण, शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया।

इसी बीच सांकरा को नगर पंचायत बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि सांकरा को नगर पंचायत बनाए जाने के प्रस्ताव पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। नगर पंचायत का दर्जा मिलने से स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर नई संभावनाएं बन सकती हैं।

विकासखंड स्तरीय शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों से संबंधित कुल 103 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 88 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष 15 आवेदनों के संबंध में लिखित निराकरण दर्ज किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 47 आवेदनों का निराकरण किया गया। राजस्व विभाग के 2, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 3, महिला एवं बाल विकास विभाग के 2, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 3, शिक्षा विभाग के 3, पशु चिकित्सा विभाग के 10, कृषि विभाग के 3 तथा खाद्य विभाग के 6 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। विद्युत विभाग के 6 तथा मनरेगा क्रमांक-01 से संबंधित 9 आवेदनों का लिखित निराकरण दर्ज किया गया।

मौके पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, रवि दुबे, मोहन पुजारी, सांकरा सरपंच नागेंद्र बोर्झा,केशव टेकाम, गिरवर भंडारी, शत्रुघन, नगीना सोम, मोहन नाहटा, एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार शिवेंद्र सिन्हा, जनपद पंचायत सीईओ विमल कुमार साहू, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एसके ठाकुर, बीपीएम हितेंद्र कुमार साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र की 23 ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिवों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने भी शिविर में सहभागिता निभाई।

जिपं अध्यक्ष ने हितग्राहियों को सौंपी आवास की चाबी

जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने आवास योजना के हितग्राहियों को चाबी प्रदान की। श्री सार्वा ने कहा कि सेवा संकल्प शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के अधिकारियों के सामने रखने का अवसर मिलता है। जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, सभापति प्रेमलता नागवंशी, जनपद सदस्य राजेश नाथ गोसाईं ने भी सभा को संबोधित किया।

चैतन्य देवियों की अद्भुत और अलौकिक झांकी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि भखारा सेवा केंद्र के तत्वाधान में चार दिवसीय चैतन्य देवियों की अद्भुत और अलौकिक झांकी का शुभारंभ सरिता दीदी संचालिका धमतरी क्षेत्र, जोनल कोऑर्डिनेटर कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के हाथों संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू पूर्व नपं अध्यक्ष, पुष्पलता देवांगन नपं भखारा और साथ ही साथ सभी पार्षदगण चांदनी साहू, भारती साहू, गौतमी पटेल, भूपेश्वरी चंदेल, जितेंद्र साहू, चंद्रप्रकाश अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज, हितेंद्र साहू पार्षद, छबीला निर्मलकर, मेघनाथ साहू, देवेंद्र गंभीर, ममता चंद्राकर सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सरिता दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवरात्रि का पर्व जागरण का प्रतीक है, परमात्मा शिव से शक्ति ले शिव शक्ति स्वरूपा बनने का प्रतीक है।अज्ञानता की नींद से जागने का यादगार पर्व है। राजयोग के अभ्यास से अष्ट शक्तियों को धारण कर दुर्गुणों और व्यर्थ विचारों से मुक्त होने का पर्व है।

नवरात्रि हमें अपने जीवन में मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां संतोषी आदि सभी देवियों के समान करुणा, प्रेम,संतुष्टता,मधुरता और दिव्यता को धारण कर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने का यादगार है। सभी अतिथियों ने चैतन्य देवियों की झांकी के साथ-साथ 12 ज्योतिर्लिंग का भी सुंदर झांकी का अवलोकन किया और सराहना की। भखारा सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी करुणा बहन और योगेश्वरी बहन की सेवाओं को सराहा गया और जो निरंतर नगर में समाज सेवा का कार्य चल रहा है उनकी भी प्रशंसा की गई।

रास गरबा सीजन में दिखा देशभक्ति और मातृशक्ति का अद्भुत संगम

- शिवाजी महाराज, भारत माता और अमर बलिदानी शहीदों की वेशभूषा में गरबा कर प्रतिभागियों ने जगाई राष्ट्रभक्ति की अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





नवरात्रि के पावन अवसर पर महाराणा प्रताप पैलेस एंड रिसॉर्ट द्वारा आयोजित रास गरबा सीजन-5 का भव्य आयोजन इंडोर स्टेडियम में हर्षोल्लास, माता रानी की भक्ति और राष्ट्रभक्ति के अनूठे संगम के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में गरबा और डांडिया की पारंपरिक संस्कृति को देशभक्ति की थीम से जोड़कर एक विशेष स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने अपनी आकर्षक वेशभूषा, शानदार प्रस्तुतियों और उत्साहपूर्ण सहभागिता से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

इस वर्ष रास गरबा सीजन-5 की सबसे बड़ी विशेषता इसकी देशभक्ति पर आधारित अनूठी थीम रही। प्रतिभागियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज, भारत माता, अंग्रेजों तथा देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर बलिदानी शहीदों की वेशभूषा धारण कर गरबा प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय इतिहास, वीरता, त्याग, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। पारंपरिक गरबा की धुनों के बीच देशभक्ति का यह स्वरूप उपस्थित लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

पूरे आयोजन के दौरान माता रानी की भक्ति, स्तुति और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा, गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों और प्रतिभागियों के उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बच्चों, युवाओं और परिवारों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा सभी लोग माता रानी की आराधना में लीन नजर आए।

कार्यक्रम में धमतरी के महापौर रामू रोहरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में हिंदू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर की भी विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ सौरभ सोनी, जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद, चित्रेश साहू, अभिषेक साहू, राजा, डाकेश्वर साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पवन गजपाल, गौरव मगर और अबिनाश शर्मा, लक्ष्मीकांत स्वर्णकार, आनंद शांडिल्य, अमरदीप महाजन एवं उनकी टीम से वेद प्रकाश साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए।

मांगलिक भवन के पास बोर खनन कार्य शुरू

- नपं भखारा अध्यक्ष ज्योति हरख जैन के प्रयासों से शासन ने दी स्वीकृति
- बोर खनन से मांगलिक भवन, आंगनबाड़ी और स्कूल में पानी की समस्या दूर होने की जगी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



नगर पंचायत भखारा-भठेली के वार्ड क्रमांक 8 में मांगलिक भवन के पास बोर खनन कार्य प्रारंभ होने से वार्डवासियों में हर्ष का माहौल है। लंबे समय से क्षेत्र के नागरिकों द्वारा पानी की सुविधा के लिए बोर खनन की मांग की जा रही थी। इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा कराने के लिए नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने शासन को पत्र लिखकर बोर खनन की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया था। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद आज विधिवत पूजन-अर्चन कर बोर खनन कार्य का शुभारंभ किया गया।

मांगलिक भवन के पास बोर खनन होने से अब यहां आयोजित होने वाले विभिन्न सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। वर्षों से मांगलिक भवन में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आयोजकों एवं नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वहीं, समीप स्थित गर्ल्स मिडिल स्कूल केंद्र में भी पानी की समस्या बनी रहती थी। ऐसे में बोर खनन कार्य पूर्ण होने के बाद मांगलिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल सहित आसपास के रहवासियों को पेयजल सुविधा का लाभ मिलने की संभावना है।

नपं अध्यक्ष ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन के समक्ष मांग रखी जाती है और स्वीकृति मिलने पर कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाता है। हमारा उद्देश्य है कि नगरवासियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े। बोर खनन कार्य प्रारंभ होने पर वार्डवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस पहल के लिए नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति हरख जैन एवं शासन के प्रति आभार जताया।वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से वार्ड 8 में जल सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। इस अवसर पर सीएमओ हरिकृष्ण पाँवरिया, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर बिट्टू, उपाध्यक्ष विष्णु साहू,पार्षद मेघनाथ साहू, छबीलाल निर्मलकर, किशोर गौर, प्रधान पाठिका उषा साहू, मोहित साहू, मिकेश साहू सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

मगरलोड में चैतन्य देवी झांकी शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

महा व्यापारी संघ दुर्गा उत्सव समिति मगरलोड एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र मगरलोड के संयुक्त तत्वाधान में सोसाइटी प्रांगण में आयोजित चैतन्य देवी झांकी के प्रथम दिवस महा व्यापारी संघ के समस्त पदाधिकारी, थाना प्रभारी मगरलोड प्रमोद अमलतास, जिला धमतरी की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी एवं सेवा केंद्र संचालिका अखिलेश दीदी के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया ।

झांकी में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूप जिसमें महाकाली, उमा देवी, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी एवं ब्रह्माकुमारी के रूप में संस्था की समर्पित बहनें अपनी योग साधना एवं तपस्या के बल पर मूर्तियों के रूप में दिखाई दे रही थी। संस्था के समर्पित भाई बहनों के द्वारा देवी मां की महिमा पर आधारित मधुर गीत एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे दर्शकों की ओर से काफी सराहा गया । झांकी का दर्शन लाभ पाने शुभारंभ से लेकर अंतिम तक भक्तों की काफी भीड़ लगी रही । यह झांकी अभी 3 दिन तक निरंतर स्वयं 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक दिखाई जाएगी ।

बोड़रा (डाही) में नाचा-गम्मत जारी



डाही(धमतरी)। ग्राम बोड़रा(डाही) के रंगमंच में नाचा- गम्मत का 3 दिवसीय कार्यक्रम 3 अक्टूबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है। उत्त कार्यक्रम न्यू दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित हैं। नाचा-गम्मत कार्यक्रम का आनंद बोड़रा सहित आसपास गांव के ग्रामीण ले रहे हैं। यह जानकारी समिति के सचिव भूषण साहू एवं हिम्मत साहु संचालक ने दी है।

अछोटा में महानदी पर बनेगा फोरलेन नया पुल 94 करोड़ रुपए की मिलेगी अतिशीघ्र स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी शहर और आसपास के क्षेत्र को जल्द ही एक बड़ी अधोसंरचना परियोजना की सौगात मिलने जा रही है। सिहावा चौक से भोयना फ़ोरलेन की 121 करोड़ के सड़क की स्वीकृति जिसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। महानदी पर अछोटा में फोरलेन नए पुल का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए 94 करोड़ रुपये की माँग रखी गई है। लंबे समय से जर्जर पुल के स्थान पर नए पुल के निर्माण की मांग की जा रही थी। इस संबंध में महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर पुल की जर्जर स्थिति से अवगत कराया और नए पुल के निर्माण के स्वीकृति की मांग रखी । महापौर ने बताया कि सिहावा चौक से भोयना तक फ़ोरलेन की स्वीकृति , इस ब्रिज के निर्माण के बिना अधूरी है। अछोटा में महानदी पर स्थित पुराना पुल लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। क्षेत्र में आवागमन की बढ़ती जरूरतों और सुरक्षित यातायात को ध्यान में रखते हुए यहां नए पुल का निर्माण आवश्यक था। इस महत्वपूर्ण मांग को लेकर उन्होंने प्रदेश सरकार के समक्ष लगातार पहल की। बजट में भी इस परियोजना के लिए प्रावधान किया गया था। इस 94 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने से नए फोरलेन पुल के निर्माण का रास्ता प्रशस्त होगा।

महापौर रामू रोहरा ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के आगे बढ़ने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अछोटा में महानदी पर नए फोरलेन पुल की क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में बजट में जोड़ना एक महत्वपूर्ण कदम था ।

अंचल की खबरें

निबंध-चित्रकला स्पर्धा में भोथली विद्यालय अव्वल



धमतरी। वन विभाग द्वारा आयोजित वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह अंतर्गत जिला स्तरीय निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन फॉरेस्ट हाल धमतरी में आयोजित किया गया था। विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के कक्षा दसवीं के छात्र गुलशन कुमार ने मानव, वन्य प्राणी सह अस्तित्व विषय पर निबंध लेखन में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में भाग्यश्री कक्षा ग्यारहवीं ने वन्य प्राणी और जल संरक्षण विषय पर चित्रकला में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस आयोजन में प्राचार्य एलके उपाध्याय, मार्गदर्शक शिक्षक रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ .गणेश प्रसाद साहू, गाइड कैप्टन डॉ. मंजूषा साहू, गोविंद सिन्हा ग्रंथपाल, गोपेश साहू खेल शिक्षक का सहयोग व मार्गदर्शन रहा। डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव, संयुक्त वन मंडल अधिकारी एसएस नाभिक, संलग्न अधिकारी वी. लकरा, सत्यनारायण प्रधान परिक्षेत्र अधिकारी, राकेश कुमार तिवारी सहायक परिक्षेत्र अधिकारी ने प्रतीक चिन्ह, शील्ड व प्रमाण- पत्र देकर विजयी प्रतिभागियों सम्मानित किया।

प्रदेश में विशिष्ट पहचान बना रहा कुरुद का दशहरा महोत्सव



कुरुद। नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित कुरुद दशहरा महोत्सव-2026 के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कार्यक्रम रंग सरोवर की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर कुरुद मीडिया जगत के पदाधिकारियों, सदस्यों और महोत्सव प्रचार समिति के सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा थे। अध्यक्षता प्रेस क्लब संरक्षक कृपाराम यादव ने की। विशिष्ट अतिथि प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अजय केला, जमाल रिजवी, कृपाराम सिन्हा, श्रवण साहू, घनश्याम साहू, रूपेश साहू, रवि शर्मा, गोखुलेश सिन्हा, चंदन शर्मा, मुकेश कश्यप थे। अजय केला ने 27 वर्षों से जारी सांस्कृतिक परंपरा को कुरुद की ऐतिहासिक पहचान बताते हुए आयोजन के लिए समिति का आभार जताया। श्रवण साहू ने कहा कि कुरुद का दशहरा महोत्सव प्रदेश में विशिष्ट पहचान बना रहा है। इस दौरान समिति के महासचिव भानु चंद्राकर, कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा, सांस्कृतिक प्रभारी प्रभात बैस, पार्षद कविता चंद्राकर, महावीर साहू, खिलेन्द्र देवांगन सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रभात बैस तथा आभार व्यक्त भानु चंद्राकर ने किया।

- 27वें दशहरा महोत्सव में मीडिया जगत का हुआ सम्मान

500 सीटर नालंदा परिसर निर्माण के लिए 9.22 करोड़ की निविदा दर को सहमति



धमतरी। धमतरी शहर में उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में 500 सीटर नालंदा परिसर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस निर्माण कार्य के लिए निविदा में प्राप्त दर पर सहमति प्रदान कर दी है। इसके अंतर्गत एवीआर इन्फ्राटेक प्रालि रायपुर की न्यूनतम निविदा दर 5.36 प्रतिशत अधिक एसओआर (अनुसूची दर) तथा इस पर होने वाले संभावित व्यय की कुल राशि 9 करोड़ 22 लाख 34 हजार 251 रुपये को सहमति दी गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा 12 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार यह सहमति नगर पालिक निगम धमतरी में 500 सीटर नालंदा परिसर के निर्माण कार्य के लिए दी गई है। यह स्वीकृति निविदा से संबंधित समस्त प्रासंगिक नियमों के पालन की शर्त पर प्रदान की गई है। शासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में स्वीकृत राशि से अधिक व्यय नहीं किया जाएगा।

कोर्रा स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्रीवॉल और गेट निर्माण की मांग



अंवरी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोर्रा में बाउंड्रीवॉल और गेट निर्माण तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी दूर करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक लेखराम साहू ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की। श्री साहू ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्रीवॉल और गेट नहीं होने से शराब सेवन करने वाले लोग परिसर में पहुंच जाते हैं। इसकी शिकायत स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और ग्रामीणों द्वारा कई बार की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यहां आसपास के 10 से 15 गांवों के मरीज उपचार के लिए आते हैं, लेकिन नर्सों की कमी के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से जल्द बाउंड्रीवॉल और गेट निर्माण शुरू कराने तथा पर्याप्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग की। साथ ही परिसर में शराब सेवन करने वालों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री ने मांगों पर आश्वासन देते हुए निर्माण कार्य शुरू कराने और स्टाफ की संख्या बढ़ाने की बात कही।

- पूर्व विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री को बताई समस्याएं

खबर संक्षेप



विभा ने बनाई मां अम्बे की अद्भुत पेंटिंग

आमदी(धमतरी)। नगर पंचायत आमदी निवासी विभा साहू पिता तामेश्वर साहू ने इस शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर मां जगदम्बे की अद्भुत पेंटिंग की है। बता दें कि तामेश्वर साहू की तीन बेटियां है। जिसमे विभा दूसरी नंबर की बेटी है। उनकी मां ममता साहू ने बताया कि विभा जन्म से ही दिव्यांग है और वह 9 वी.कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद महज 8 साल की उम्र से ही वह पेंटिंग कर रही है। विभा ने ना ही पेंटिंग की कोर्स की है और ना ही उनका कोई मार्गदर्शक है। उन्होंने मोबाईल को अपना मार्गदर्शक बनाया और उन्हीं को देखकर पेंटिंग की शुरुआत की। आज नेता, अभिनेता, पशुपक्षी, देवी, देवताओं से लेकर एक आम इंसान की हुबहू पेंटिंग कर सकती है। विभा आज पेंटिंग तक सिमीत नहीं है, वो मेहंदी और ब्यूटीपार्लर में भी पारंगत है।

15 अक्टूबर को नवरात्रि की पंचमी तिथि, मां स्कंदमाता की होगी पूजा-अर्चना : विप्र विद्वत परिषद

धमतरी। विप्र विद्वत परिषद धमतरी ने बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व पर 15 अक्टूबर को पंचमी तिथि मनाई जाएगी। नवरात्रि की पंचमी तिथि का धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां स्कंदमाता की आराधना करने से भक्तों को सुख-समृद्धि, शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं संतान सुख का आशीर्वाद प्राप्त होता है। परिषद ने बताया कि मां स्कंदमाता भगवान कार्तिकेय की माता हैं। उनका स्वरूप ममता, वात्सल्य, करुणा और प्रेम का प्रतीक है। मां की चार भुजाएं हैं और वे कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। उनकी आराधना से भक्तों के मन में श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मकता का संचार होता है। उपरोक्त जानकारी विप्र विद्वत परिषद धमतरी के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

सीडीआर सॉफ्टवेयर के उपयोग के प्रशिक्षण से पुलिस हुई और अपडेट

कांकेर। अपराधों की विवेचना को अधिक प्रभावी और सटीक बनाने के लिए कांकेर पुलिस आधुनिक तकनीक के उपयोग पर जोर दे रही है। इसी कड़ी में प्रोजेक्ट दक्ष के तहत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से सीडीआर सॉफ्टवेयर के उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर महत्वपूर्ण तथ्यों की पहचान करने की जानकारी दी गई।

ग्रामीण विकास और कृषि समस्याओं को समझने गांव पहुंचे कृषि विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रामीण क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक एवं कृषि संबंधी परिस्थितियों को समझने और ग्रामीण विकास की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन करने के उद्देश्य से ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विद्यार्थियों द्वारा गांव में सहभागितापूर्ण ग्रामीण मूल्यांकन (पार्टिसिपेट्री रूलर अप्रिसल 1- पीआरए) की गतिविधियां संपन्न की गईं। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न पीआरए तकनीकों का उपयोग कर ग्रामीण परिवेश, उपलब्ध संसाधनों, कृषि गतिविधियों तथा किसानों की समस्याओं का अध्ययन किया।

सहभागितापूर्ण ग्रामीण मूल्यांकन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गाँव की वास्तविक स्थिति, उपलब्ध संसाधनों, स्थानीय आवश्यकताओं और विकास की संभावनाओं को समझा जाता है। इस गतिविधि से विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने तथा ग्रामीण समुदाय के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर मिला।

यह कार्यक्रम डॉ. नवनीत राणा के दिशा-निर्देश में हुआ। मौके पर डॉ. अमीनुद्दीन कुरेशी, डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. भूमिका हथगिया, डॉ. नम्रता कुर्रे, डॉ. हरीश कुमार, डॉ. युवराज सिंह ध्रुव, एमआर विनोद मरकाम, डॉ. गुलाब बर्मन, डॉ. उमेश दास एवं एमआर सोनू दिवाकर उपस्थित थे।

पीआरए तकनीकों से जानी गांवों की हकीकत, सहभागितापूर्ण मूल्यांकन से जुटाई जानकारी

सामाजिक मानचित्र तैयार करने की प्रक्रिया देखी

इस तकनीक के अंतर्गत विद्यार्थियों ने गांव में घरों, विभिन्न सामाजिक समूहों, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं की स्थिति को समझते हुए सामाजिक मानचित्र तैयार करने की प्रक्रिया का अध्ययन किया। इससे गाँव की सामाजिक संरचना एवं बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता का आकलन करने में सहायता मिली।



कृषि चुनौतियों को समझने का अवसर मिला

विद्यार्थियों ने ग्रामीणों के साथ गांव के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर मिट्टी की स्थिति, फसलों, सिंचाई सुविधाओं, भूमि उपयोग, खरपतवार तथा कृषि संबंधी समस्याओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस गतिविधि से खेतों की वास्तविक परिस्थितियों को नजदीक से जानने और स्थानीय कृषि चुनौतियों को समझने का अवसर मिला।

निगरानी समिति का गठन, पकड़वाने वाले को 20 हजार रुपए का इनाम

गणेशपुर में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय, नशा करने वालों पर लगेगा 50 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम गणेशपुर में बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों को रोकने, सामाजिक सद्भाव बनाए रखने तथा युवाओं और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से ग्राम गणेशपुर के ग्रामीणों ने पूर्ण शराबबंदी सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

12 अक्टूबर 2026 को आयोजित बैठक में समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में नशामुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही गांव में सुरक्षा एवं निगरानी समिति का गठन भी किया गया है। ग्रामीणों द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, गांव की सीमा के भीतर शराब, गांजा अथवा अन्य नशीले पदार्थों के सेवन या उससे संबंधित गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्ति पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाने का निर्णय लिया गया है। वहीं, ऐसे मामलों को पकड़वाने वाले व्यक्ति को 20 हजार रुपये का इनाम देने का भी निर्णय लिया गया है।

नशामुक्त गांव बनाने ग्रामीणों ने उठाया कदम



सरपंच की अध्यक्षता में सुरक्षा समिति का गठन

गांव में नियमों के पालन और व्यवस्था की निगरानी के लिए सुरक्षा समिति का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष के रूप में सरपंच डॉ. गंगा प्रसाद मिश्रा तथा उपाध्यक्ष के रूप में उपसरपंच रेखा निषाद को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति में सलाहकार के रूप में ग्राम के पंच श्रीमती भूखिन ध्रुव, बिंदाबाई साहू, परमाबाई ध्रुव, नंदिनी कुर्रे, युवराज साहू, जगदीश साहू, टेकराम नारंग, कैलाश निषाद एवं लक्ष्मी नेताम को शामिल किया गया है। वहीं ग्राम पटेल जीवन साहू, ग्रामीण अध्यक्ष देवानंद ध्रुव, पूर्व सरपंच आनंद निषाद, रेखा कल्याण यादव, डॉ. ललित निषाद, सूरजेराम साहू, खेमन साहू, बेनीराम साहू, गोकर्ण साहू, लीलाराम साहू, अनिल सोनी, जगन्नाथ ध्रुव, विशेशर निषाद, हरिराम निषाद, लालजी निषाद, कुशल निषाद, सदराम साहू, देवकुमार साहू, बुधराम साहू, बलराम ध्रुव सहित अनेक ग्रामीणों को समिति में शामिल किया गया है। राधेश्याम सोनवानी सहित गांव के युवा, महिला समिति के सदस्य और विभिन्न समितियों के प्रतिनिधि भी इस पहल में सहभागी बने हैं।

सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड

ग्रामवासियों ने गांव के सार्वजनिक स्थलों, तालाब, स्कूल, चौक-चौराहों, नालों सहित अन्य स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाया है। गांव की सीमा के भीतर शराब पीते पाए जाने पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, खुला डिस्पोजल गिलास बेचते पाए जाने वाले दुकानदारों से 2 हजार रुपये का अर्थदंड लेने का निर्णय लिया गया है।

त्योहारों में हुड़दंग करने वालों पर भी कार्रवाई

बैठक में ग्रामीणों ने 12 मासी त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने पर भी जोर दिया। निर्णय के अनुसार, त्योहारों के दौरान दुर्व्यवहार, मारपीट, गाली-गलौज अथवा दंगा करने वाले व्यक्तियों पर संबंधित पर्व के आयोजन में हुए खर्च के अनुसार अर्थदंड लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। संबंधित व्यक्ति के आगामी आचरण और व्यवहार को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई निर्धारित करने की बात भी कही गई है।

माँ अंगारमोती के दरबार में मानवता की मिसाल

दिव्यांगों और बुजुर्गों को मिल रहे सीधे दर्शन

- गर्भवती माताओं और वृद्धजनों के लिए विशेष व्यवस्था, स्वयंसेवक सेवा में जुटे
- असहाय लोगों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





नवरात्रि के पावन अवसर पर आदिशक्ति माँ अंगारमोती मंदिर, गंगरेल में श्रद्धा और भक्ति के साथ मानवता एवं सेवा की अनूठी मिसाल भी देखने को मिल रही है। मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने वाले दिव्यांगजनों, गर्भवती माताओं और वृद्ध श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। स्वयंसेवक ऐसे श्रद्धालुओं की सहायता कर उन्हें सुविधाजनक तरीके से सीधे माता के दर्शन करा रहे हैं।

नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में लंबी कतारों में खड़े रहना दिव्यांगजनों, गर्भवती महिलाओं और उम्रदराज लोगों के लिए कठिन हो सकता है। उनकी इस परेशानी को समझते हुए आदिशक्ति माँ अंगारमोती ट्रस्ट ने विशेष व्यवस्था की है। इसके तहत स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो जरूरतमंद श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के साथ उनकी सुविधा का भी ध्यान रख रहे हैं।

दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आशीष राय एवं दीपक राय द्वारा व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई है। इससे चलने-फिरने में असमर्थ श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में आवागमन करने और माता के दर्शन करने में मदद मिल रही है। यह पहल धार्मिक आयोजन में सामाजिक सहयोग और संवेदनशीलता का उदाहरण बन रही है।

आदिशक्ति माँ अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि नवरात्रि केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं को आत्मसात करने का अवसर भी है। माता के दरबार में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु सम्मान और सुविधा के साथ दर्शन कर सके, यही ट्रस्ट का प्रयास है।

दहशत फैलाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

- धुमाल पार्टी के साथ मारपीट कर किया था तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान धुमाल पार्टी से विवाद, मारपीट और तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना बांसपारा धमतरी में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई। नगरी -साकरा के रूद्राक्ष धुमाल पार्टी के संचालक अपने साथियों के साथ बाजा बजा रहे थे। इसी दौरान मराठा पारा मंगल भवन के पास पहुंचे आरोपियों ने अपनी मर्जी के मुताबिक धुमाल बजाने का दबाव बनाया। मना करने पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने रामबाग के पास बेसबॉल स्टिक, हॉकी स्टिक और तलवार लेकर धुमाल पार्टी के सदस्यों के साथ मारपीट की। इस दौरान तलवार लहराकर दहशत फैलाई गई और बाजा व वाहन में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया।



तीनो आरोपियों से हथियार जब्त

प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रितेश पेंदरिया उर्फ रितू (20 वर्ष) पिता संतोष पेन्दरिया निवासी मराठा पारा,जतीश साहू उर्फ डुई (19 वर्ष) पिता टोमन बांसपारा और अमरचंद पटेल उर्फ छोटू (26 वर्ष) पिता परदेसी राम आमापारा, निवासी को गिरफ्तार कर न्याय की डिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से बेस बाल स्टिक, हांकी सटीक व धारदार तलवार बरामद की गई है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

जनदर्शन में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

- प्रधानमंत्री आवास की किस्त, फसल क्षति मुआवजा और राशन कार्ड सहित विभिन्न मामलों पर समयबद्ध निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने और पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किस्त, खरीफ फसल क्षति का मुआवजा, राशन कार्ड में नामिनी परिवर्तन, सहकारी समिति में निर्माण कार्य तथा बिजली संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जनदर्शन में ग्राम चंदनबाहरा निवासी बिसंभर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास की किस्त जारी कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम भोयना निवासी गणेश राम ने खरीफ फसल नष्ट होने के कारण मुआवजा दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने तहसीलदार धमतरी को फसल क्षति का आकलन कर नियमानुसार प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि प्रकरण में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इसी तरह, किशोरा सहकारी समिति के प्रबंधक ने समिति परिसर में चबूतरा, पहुंच मार्ग, भवन, शेड एवं शौचालय निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराते हुए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को वीबी-जी राम जी योजना के प्रावधानों के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम सालेवार निवासी श्री ज्ञानचंद ने राशन कार्ड में नामिनी परिवर्तन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में बिजली संबंधी समस्याओं, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, राशन कार्ड बनवाने तथा मुआवजा सहित अन्य विषयों से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ विचार किया जाए। आवेदनों की पात्रता और तथ्यों की जांच करते हुए निराकरण किया जाए तथा आवेदकों को उनके प्रकरण में की गई कार्रवाई की जानकारी भी दी जाए।

बिजनेस साइट

मिशन ग्राउंड में स्वदेशी शिल्प महोत्सव में उत्पादों पर मिल रही विशेष छूट



धमतरी। दशहरा और दीपावली पर्व के अवसर पर मिशन ग्राउंड धमतरी में स्वदेशी शिल्प महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में देशभर के बुनकरों और शिल्पकारों द्वारा निर्मित 80 हजार से अधिक उत्पाद उपलब्ध हैं। हथकरघा उत्पादों पर 10 प्रतिशत और हस्तशिल्प वस्तुओं पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है।

महोत्सव में भागलपुरी, बंधेज, कोसा, लिनन, कॉटन, बनारसी और कश्मीरी सिल्क साड़ियां, खादी कुर्ते, ड्रेस मटेरियल, जूट बैग, टेराकोटा, होम डेकोर, भदोही कारपेट, सीतापुरी दरी और सहारनपुर के फर्नीचर सहित अनेक स्वदेशी उत्पाद उपलब्ध हैं।

प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुली रहती है। ग्राहकों की सुविधा के लिए सभी स्टॉलों पर क्रेडिट और डेबिट कार्ड से भुगतान तथा निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

आयोजकों ने नगरवासियों से स्वदेशी उत्पाद खरीदकर देश के कारीगरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने की अपील की है। यह प्रदर्शनी सीमित अवधि के लिए आयोजित की गई है।

महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के विचार आज भी प्रासंगिक : डॉ. अनिता राजपुरिया

गांधी जयंती पर गर्ल्स कालेज में पोस्टर, वीडियो क्लिप एवं क्विज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



राष्ट्रपिता महात्मा की जयंती के अवसर पर शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया के मार्गदर्शन में इतिहास विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष सतीश साहू के उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महात्मा गांधी के जीवन, विचारों, आदर्शों तथा सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से उपस्थित सुनील शाहा एवं ज्योति साहू ने छात्राओं को पोस्टर, वीडियो क्लिप तथा क्विज के माध्यम से महात्मा गांधी के जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान की जानकारी दी। क्विज कार्यक्रम में गांधीजी के जीवन, उनके विचारों, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रश्नों के उत्तर दिए और गांधीजी के विचारों को समझने में रुचि दिखाई।

प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार केवल इतिहास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आज के जीवन में भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। सत्य, अहिंसा, प्रेम, सहिष्णुता और नैतिकता जैसे मूल्यों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से गांधीजी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश और समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सुनील शाहा ने अपने उद्बोधन में महात्मा गांधी के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधीजी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह को जनआंदोलन का प्रभावी माध्यम बनाया, उन्होंने बिना हिंसा का सहारा लिए अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने का मार्ग दिखाया, वर्तमान समय में जब समाज की विचारधारा और जीवनशैली में तेजी से बदलाव आ रहे हैं, तब गांधीजी के विचारों को समझना और व्यवहार में अपनाना और भी आवश्यक हो जाता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रोहिणी मरकाम ने भी अपने विचार छात्राओं से साझा किए।

कार्यक्रम का संचालन व आभार सतीश साहू व्याख्याता इतिहास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक प्राध्यापक हुकेश कुमार, दानेश्वर साहू सहित प्राध्यापकगण व 100 से अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप





शीतला मंदिर रूद्री में 67 ज्योति कलश स्थापित

धमतरी। रुद्री के शीतला माता मंदिर मे जले आस्था के 67 ज्योति कलश साथ ही माता के दरबार में समस्त ग्रामवासियों के द्वारा ज्वार स्थपित किया गया है पंचमी के शुभ अवसर पर माता का विशेष श्रगांर होगा 18 अक्टूबर को अष्टमी पर हवन एवं भडारा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं दानदाताओं के द्वारा किया गया है ग्राम विकास समिति आप सभी से अपील करता है ईश पुणित कार्य के सहभागी बने यहाँ जानकारी ग्राम विकास समिति रुद्री से संरक्षक प्रीतम साहू एवं गिरधर साहू ने दी।

रावणगुड़ा में 18 को होगी जस झांकी



सिर्री। बाल समाज नवदुर्गा उत्सव समिति रावणगुड़ा द्वारा नवरात्रि में माता की प्रतिमा स्थापित कर ज्योत जवारा प्रज्वलित की गई है। 18 अक्टूबर को जय मां भवानी जस झांकी पार्टी ग्राम खरेंगा आमापारा बाजार चौक की प्रस्तुति होगी। माता की सेवा में बाल समाज अध्यक्ष राजेश साहू, शांतनु यादव, शीतल , साहू परमेश्वर यादव दशरथ , साहू हेमनाथ साहू, लिलेश साहू, नरेश साहू, आकाश साहू, टिकेश्वर यादव, मोहन साहू, विजय यादव, कामत यादव , सुरीत साहू , प्रमोद साहू, रामानंद साहू, शंभू साहू, गजाधर साहू, देवराज साहू ,राधे साहू, विजय यादव , नारायण यादव, गोलू साहू, गोलू यादव , सेवक राम साहू, यशवंत साहू, आसाराम साहू, शुभम साहू, त्रिलोक यादव जुटे हुए हैं।

दिव्यांग दंपति का अदम्य साहस



धमतरी। मन में विश्वास और ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा हो तो हर काम सफल होता है ऐसे ही सोच लेकर 80% अस्थिबाधित दिव्यांग होते हुए दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष संतोषी बिश्नोई और संस्थापक बंसत कुमार बिश्नोई जम्मू कश्मीर,अयोध्या ,कांशी विश्वनाथ और माता वैष्णव देवी के दर्शन के लिए निकल पड़े। उन्होंने 16 कि. मी. पहाड़ी चढ़कर, बाणगंगा से मंदिर तक पैदल यात्रा तय कर अदमय साहस का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन के लिए रोपवें ओर बैटरी चलित गाड़ी की व्यवस्था है। घनश्याम सिंह साहू ने इसी प्रकार जिला प्रशासन से जिला के दिव्यांग जनों के लिए एक यात्रा का आयोजन करने की मांग की है।

मसान डबरा की विकसित कॉलोनी बनी ग्रामीण विकास और जनसेवा की मिसाल

पीएम जनमन योजना और अरुण सार्वा के संकल्प से साकार हुए 34 कमार परिवारों के सपने

- सेवा संकल्प अभियान के तहत 76 पौधे रोपकर दिया हरियाली का संदेश
- भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस सहित जनप्रतिनिधियों ने की पहल की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





पक्के और सुविधायुक्त घर, व्यवस्थित परिसर, सामुदायिक भवन, मंदिर और हरियाली से सजा वातावरण-मसान डबरा में 34 कमार परिवारों के लिए विकसित की गई कॉलोनी अब ग्रामीण विकास और सामाजिक सहभागिता के प्रयासों की पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास निर्माण से शुरू हुई इस पहल को बेहतर स्वरूप देने में श्री सार्वा ने विशेष भूमिका निभाई है। इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम मसान डबरा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर 76 पौधे रोपे गए। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, भाजपा नेताओं और पत्रकारों के नाम पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा हरित अवधारणा को जनभागीदारी से जोड़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने की।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक पिंकी शाह, नगरी जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू, जिला पंचायत की महिला एवं बाल विकास विभाग सभापति मोनिका देवांगन, भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, अजय नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, मोहन नाहटा, गरिमा नेताम, अकबर कश्यप, धनेश्वरी साहू, धमतरी जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, हृदय साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष केशव साहू, राजेश गोसाई, विनय जैन, पवन गजपाल, अविनाश दुबे और रवि दुबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत कमार परिवारों को आवास निर्माण के लिए दो लाख रुपये की सहायता और 90 दिनों की मजदूरी का प्रावधान मिला। इन आवासों को केवल घरों तक सीमित न रखकर एक व्यवस्थित कॉलोनी के रूप में विकसित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए गए। इस प्रक्रिया में अरुण सार्वा ने निर्माण कार्यों की निगरानी, गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष ध्यान दिया। कॉलोनी में सुविधाओं के विस्तार और विकास के लिए उन्होंने आर्थिक सहयोग भी दिया।

पूरे परिसर को व्यवस्थित और सुरक्षित स्वरूप देने के लिए कवर्ड कैंपस तैयार किया गया है। प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। कॉलोनी में गार्डन, कम्युनिटी हॉल और मंदिर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य परिवारों को बेहतर आवास के साथ सामुदायिक जीवन के लिए अनुकूल वातावरण देना है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में नागेंद्र बोर्झा, केशव टेकाम, नगिना सोम, शत्रुघन नाग, मोहन साहू, सुलोचना साहू, रुपेंद्र साहू, मोनू साहू, दिनेश्वरी नेताम, चंद्रकला साहू, प्रेमलता नागवंशी, चेलेश्वरी साहू, चित्रांश नागवंशी, श्यामंत बिसेन, रामगोपाल साहू, बबलू सेन, दीनदयाल सेन, ननकूदास मानिकपुरी, विकास जैन, सुनील यादव, सुनील सिंहसार, सुगनचंद्र साहू, शक्ति मरकाम, गिरवर भंडारी, रमेश साहू, बीआर साहू, जन्मजेय साहू, बलदाउ यादव, साहनुराम साहू, साधूराम साहू, पवन साहू, वेसित पटेल, केशव नाग, लवकुमार साहू, उमेश ध्रुव, बल्लू साहू, जनक साहू, मुंगेश ध्रुव और रेवत शांडिल्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विकास के साथ प्रकृति की सुरक्षा भी जरूरी : प्रकाश बैस

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि विकास के कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना भी आवश्यक है। मसान डबरा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराता है। उन्होंने 34 कमार परिवारों के लिए विकसित की गई कॉलोनी की सराहना करते हुए कहा कि जनकल्याण और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलने वाले प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

अंत्योदय की भावना से जरूरतमंद परिवारों के जीवन में बदलाव का प्रयास

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के संकल्प से प्रेरणा लेकर समाजहित में कार्य किए जा रहे हैं। सेवा संकल्प अभियान भी इसी भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम है। मसान डबरा में पौधरोपण और 34 कमार परिवारों के लिए विकसित कॉलोनी का निर्माण इसी दिशा में किए गए प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। इसी सोच के अनुरूप जरूरतमंद परिवारों को बेहतर आवासीय वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। सार्वा ने लोगों से अपील की कि वे अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंद परिवारों के आवास निर्माण और कॉलोनी विकास जैसे कार्यों में सहयोग करें।

जनसंघी परिवार से जुड़े रहे हैं सार्वा, संयोग से सक्रिय राजनीति में आए

अपने राजनीतिक सफर का उल्लेख करते हुए अरुण सार्वा ने बताया कि उनके पिता और परिवार के सदस्य जनसंघ से जुड़े रहे हैं। इसी पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण उनका झुकाव शुरू से भाजपा की विचारधारा की ओर रहा। हालांकि, सक्रिय राजनीति में आने की उनकी कोई विशेष योजना नहीं थी, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनीं कि आज वे जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में जनसेवा की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

घरों से लेकर सामुदायिक सुविधाओं तक, व्यवस्थित कॉलोनी का स्वरूप

कॉलोनी में प्रत्येक कमार परिवार के लिए दो कमरे, एक हॉल और किचन की सुविधा वाला दो बीएचके स्वरूप का आवास तैयार कराया गया है। परिवारों की पारंपरिक भोजन पद्धति को ध्यान में रखते हुए घर के पीछे लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने के लिए अलग किचन की व्यवस्था की गई है। इससे मुख्य आवासीय हिस्से को धुएं और खाना पकाने से होने वाली संभावित क्षति से बचाने में मदद मिल सकती है। इसके अतिरिक्त सामान रखने के लिए स्टोर रूम भी बनाया गया है।

जरूरतमंद परिवारों की स्थिति ने बेहतर आवास का संकल्प लेने के लिए किया प्रेरित

मसान डबरा में कॉलोनी विकास की शुरुआत के संबंध में अरुण सार्वा ने बताया कि लगभग दो वर्ष पहले न्योता भोज कार्यक्रम में गांव पहुंचने के दौरान उन्होंने कमार परिवारों की आवासीय स्थिति देखी थी। कई परिवार कच्चे मकानों में रह रहे थे। कुछ घरों में खपरैल की छत थी, जबकि कुछ मकानों में छत की समुचित व्यवस्था भी नहीं थी। इन परिस्थितियों ने उन्हें परिवारों के लिए बेहतर आवास और सुविधायुक्त परिसर विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

हजारों लोगों ने एक साथ गाया अरपा पैरी के धार

- पंडित राजेश शर्मा की पहल पर छत्तीसगढ़ महतारी का पूजन
- चौथे दिन श्रीराम के दीवाने थीम पर सजेगा आराध्य गरबा, भगवा रंग में नजर आएंगे गरबा प्रेमी
- राष्ट्रीय कवयित्री अनामिका जैन अंबर की मौजूदगी बढ़ाएगी आयोजन की रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आस्था, भक्ति, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता के रंगों से सराबोर आराध्य गरबा महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति के साथ विभिन्न समाजों की सहभागिता भी देखने को मिल रही है। धर्मप्रेमी समाजसेवी एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंडित राजेश शर्मा की पहल पर आयोजित इस महोत्सव में हजारों लोगों ने एक साथ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' का सामूहिक गायन किया। हजारों कंठों से एक स्वर में गूंजते राजकीय गीत ने आयोजन स्थल को छत्तीसगढ़ की माटी, अस्मिता और सांस्कृतिक गौरव के भाव से भर दिया।

मां दुर्गा की आराधना के साथ अपनी मातृभूमि की संस्कृति और पहचान को सम्मान देने की इस पहल ने आराध्य गरबा को विशेष स्वरूप प्रदान किया। छत्तीसगढ़ महतारी का पूजन, आकर्षक रंगों की थीम, पारंपरिक वेशभूषा और विभिन्न समाजों के वरिष्ठजनों की उपस्थिति ने आयोजन को सांस्कृतिक एकता का मंच बना दिया।

इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता निभाते हुए प्रदेश की माटी, लोकसंस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। मां दुर्गा की आराधना और छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन के संगम ने महोत्सव को धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक गौरव से भी जोड़ दिया।

'श्रीराम के दीवाने' थीम, भगवा परिधानों और राष्ट्रीय कवयित्री अनामिका जैन अंबर की उपस्थिति के साथ चौथे दिन भक्ति, काव्य और गरबा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

आराध्य गरबा महोत्सव धार्मिक आस्था के साथ छत्तीसगढ़ी संस्कृति, भारतीय परंपराओं और सामाजिक समरसता को एक मंच पर जोड़ने का प्रयास कर रहा है। विभिन्न समाजों के वरिष्ठजनों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि संस्कृति की असली खूबसूरती विविधताओं में एकता और आपसी सम्मान में निहित है।

राष्ट्रीय कवयित्री अनामिका जैन अंबर के साथ गरबा करेंगे धमतरीवासी

आराध्य गरबा महोत्सव के चौथे दिन राष्ट्रीय कवयित्री अनामिका जैन अंबर की उपस्थिति भी प्रमुख आकर्षण होगी। वे आराध्य गरबा के आंगन में धमतरीवासियों के साथ गरबा करेंगी। उनकी मौजूदगी को लेकर गरबा प्रेमियों और प्रतिभागियों में खासा उत्साह है।

छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन के साथ संस्कृति का वंदन

आराध्य गरबा महोत्सव में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र का विधिवत पूजन किया गया। आचार्य पंडित महेश शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। आयोजक पंडित राजेश शर्मा सहित आयोजन समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष श्रद्धा अर्पित की।

दिल्ली पब्लिक स्कूल धमतरी ने मनाया रासोत्सव गरबा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



दिल्ली पब्लिक स्कूल, धमतरी में 13 अक्टूबर को बड़े उत्साह, जीवंत रंगों और उत्सवी उमंग के साथ रासोत्सव गरबा 2K26 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने पारंपरिक नृत्य, संगीत और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के उत्सव के माध्यम से नवरात्रि की भावना को खूबसूरती से जीवंत कर दिया।

गरबा संगीत की ताल पर स्कूल परिसर झूम उठा, जहां रंग-बिरंगे गुजराती पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों और ऊर्जावान गरबा शैलियों का प्रदर्शन किया। इस उत्सव भरे वातावरण ने भारतीय परंपराओं के सौंदर्य और एकता की खुशी को दर्शाया।

कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक धीरज अग्रवाल और श्रीमती निधि अग्रवाल उपस्थित रहे, जिनका निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन सांस्कृतिक संवर्धन व समग्र विकास को बढ़ावा देता है। प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा भी ऐसी पहलों को प्रोत्साहित करते हैं, जो छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों और निर्णायक मंडल में मिस छत्तीसगढ़ 2021 व फैशन डिजाइनर सौम्या उपाध्याय, प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट स्मिता गुप्ता तथा फैशन डिजाइनर सुश्री वैष्णवी शामिल रहीं। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई, वहीं उनके अनुभव और दृष्टिकोण ने प्रतियोगिता के सफल मूल्यांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मंच संचालन वेदप्रकाश साहू और सुश्री प्रिया कुशवाहा द्वारा किया गया। समारोह का विशेष आकर्षण पारंपरिक धुनाची नृत्य रहा, जिसे छात्रों के साथ सप्तरिषि, मुकुल और उप-प्राचार्य देबार्चना रॉय ने प्रस्तुत किया। उनकी भावपूर्ण भागीदारी और मनमोहक मुद्राओं ने उत्सव में भक्तिमय रंग भर दिया और इसे और भी यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में गरबा किंगः हेयांश केशवानी (कोडः KC31 । कक्षा 3), गरबा क्वीनः सात्विका चंद्राकर (कोडः KC06 । कक्षा 1), नवरात्रि दिवाः शनाया पटेल और विहान बजाज (कोडः KC23 / KC17), बेस्ट गरबा मूव्सः निविशा राहुजा (कोडः KC29 । कक्षा 3), रासोत्सव स्पेशल अवार्डः रुद्रांश शर्मा (कोडः KC36 । PP1), यूनिक गरबा नेमः शनाया पटेल (कोडः KC17 । कक्षा 4), पुरस्कार विजेता – ओपन कैटेगरी - गरबा किंगः तनिष अग्रवाल (कोडः OC06), गरबा क्वीनः पीहू बजाज (कोडः OC05), नवरात्रि दिवाः खुशबू पटेल (कोडः OC04), बेस्ट गरबा मूव्सः निशा लुनावत (कोडः OC21), रासोत्सव स्पेशल अवार्डः प्लाक्षी राहुजा (कोडः OC09), यूनिक गरबा नेमः मनस्वी वर्दे (कोडः OC10 । कक्षा 6) बने।

विजेताओं को उनके उत्साह, विशिष्ट शैली और ऊर्जावान सहभागिता के लिए खूब सराहा गया, जिससे यह प्रतियोगिता उत्सव का एक रोमांचक और स्मरणीय हिस्सा बन गई।

अग्रसेन जयंती पर अनिकेत का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अग्रसेन जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर को धमतरी स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अनिकेत अग्रवाल को धमतरी अग्रवाल समाज द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल रहे। समाज के अध्यक्ष दयाराम अग्रवाल ने CA अनिकेत अग्रवाल को सम्मानित कर उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विजय अग्रवाल एवं श्रीमती संगीता अग्रवाल के सुपुत्र अनिकेत अग्रवाल ने कठिन परिश्रम, लगन और अनुशासन से यह उपलब्धि हासिल कर परिवार एवं समाज को गौरवान्वित किया है।

सेवा प्रदाताओं की कौशल परीक्षा अब 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति के तहत जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के सुचारू संचालन के लिए 4 पदों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जानी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कुल 28 अभ्यर्थियों की 22 अक्टूबर को आजीविका महाविद्यालय धमतरी में सुबह 9 बजे से साक्षात्कार कौशल परीक्षा आयोजित की गई है जिसे जिले की वेबसाइट धमतरी डाट जीओवी डाट इन में देखा जा सकता है। गौरतलब है कि पूर्व में यह परीक्षा 14 अक्टूबर को होनी थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए अब 22 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

पहलवान लक्ष्मण को हटकेशर साहू समाज ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुश्ती के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण के दम पर विशिष्ट पहचान बनाने वाले पहलवान लक्ष्मण साहू को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहीद विनोद चौबे सम्मान से सम्मानित किए जाने पर हटकेशर साहू समाज धमतरी द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू समाज धमतरी की अध्यक्ष चन्द्रभागा साहू ने कहा कि यह सम्मान समूचे साहू समाज के लिए गर्व और गौरव का विषय है। उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

हटकेशर साहू समाज के अध्यक्ष महेश साहू एवं उपाध्यक्ष चित्रेश साहू ने कहा कि शहीद विनोद चौबे सम्मान से सम्मानित होना उनकी प्रतिभा, संघर्ष और निरंतर प्रयासों का सम्मान है। इस अवसर पर गोपीकिशन साहू, रामदयाल साहू, शशिकांत साहू, संतोष साहू, परमेश्वर साहू, उमाशंकर साहू, गेंदूराम, अस्थिर, तोषण, जीवन साहू, अशोक साहू, जितेंद्र साहू, रामरतन, निरंजन साहू सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

स्वच्छता समूह की महिलाओं ने चलाया सफाई अभियान

डाही(धमतरी)। ग्राम डाही की स्वच्छता समूह की महिलाओं ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत मंदिर परिसर, सार्वजनिक सड़क, नल, स्कूल और पंचायत परिसर सहित विभिन्न जगहों की साफ-सफाई की। इस अवसर पर सरपंच सुमन देवांगन, मीना सोनवानी, प्रमिला सोनवानी, कामिनी पटेल, सुनीति पटेल, ईश्वरी पटेल, समुंदा पटेल, नंदू पटेल आदि मौजूद थे।





